## सकल जैन समाज ने अनुकंपा दिवस पर किये सेवा कार्य

**मन्दसौर।** भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक महोत्सव के अंतर्गत पांच दिवसीय आयोजनों की कड़ी में दूसरे दिन को सकल जैन समाज ने अनुकंपा दिवस के रूप में मनाया। इस अवसर पर समाज के सदस्यों ने मानवता की सेवा का संकल्प दोहराते हुए जिला चिकित्सालय के गायनिक विभाग, निराश्रित बालगृह अपना घर और वृद्धाश्रम वात्सल्यधाम में विभिन्न सेवा प्रकल्प संचालित किए। समाज के युवाओं और महिलाओं ने इन केंद्रों पर उपस्थित होकर जरूरतमंदों की सहायता की और निस्वार्थ सेवा का परिचय दिया। सकल जैन समाज के अध्यक्ष श्री लोकेंद्र जैन गोटावाला ने इस मौके पर कहा कि भगवान महावीर का शिजयो और जीने दोश का सिद्धांत हमारे आचरण में दिखना चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि वास्तविक धर्म वही है जो पीड़ित की सेवा में काम आए। कार्यक्रम में महामंत्री शेखर कासमा सहित समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी और महिला शक्ति ने सक्रिय भागीदारी की।

## होमगार्ड परिसर में स्वास्थ्य शिविर संपन्न

**मंदसौर।** जिला होमगार्ड एवं एसडीआरएफ इकाई के जवानों और उनके परिजनों के लिए शनिवार को होमगार्ड कार्यालय परिसर में एक विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। चिकित्सकों की टीम ने इस दौरान जवानों, उनके परिवारजनों और सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स के स्वास्थ्य जांच की गई। शिविर में डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट वीरेंद्र सिंह जादौन की अगुवाई में जवानों ने 16 यूनिट रक्तदान किया भी किया। कार्यक्रम में उपस्थित चिकित्सा विशेषज्ञों ने जवानों को बेहतर स्वास्थ्य और नियमित जागरूकता के महत्व पर संबोधित किया। इस अवसर पर जवानों और वॉलंटियर्स के लिए परिवार स्वास्थ्य आईडी बनाने संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी भी साझा की गई। स्वास्थ्य परीक्षण के अंत में चिकित्सकों ने संतोष व्यक्त करते हुए बताया कि सभी जवानों का सामान्य स्वास्थ्य मानक स्तर के अनुरूप पाया गया है।

## नि :शुल्क सिलाई प्रशिक्षण का अवसर

**रतलाम।** जिले की ग्रामीण युवतियों एवं महिलाओं के लिए एक विशेष अवसर प्रदान किया जा रहा है। आरसेटी वीरियाखेड़ी, जुलवानिया रोड रतलाम में 1 अप्रैल 2026 से 18 से 45 वर्ष आयु वर्ग की लड़कियों एवं महिलाओं हेतु 30 दिवसीय निःशुल्क सिलाई (टेलरिंग) प्रशिक्षण प्रारंभ किया जाएगा । इच्छुक अभ्यर्थी प्रशिक्षण हेतु पंजीयन करा सकते है। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को चाय, नाश्ता, भोजन एवं आवास की सुविधा निःशुल्क प्रदान की जाएगी। साथ ही सर्टिफाइड ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा और यूनिफॉर्म भी संस्थान द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी।

## निर्मल सेन प्रथम क्षेणी में उत्तीर्ण

**नीमच।** ग्राम दुदरसी के प्रतिभावान छात्र निर्मल सेन पिता दिनेश सेन शा.मा.विद्यालय दुदरसी जिला नीमच द्वारा मध्यप्रदेश शिक्षा मंडल की कक्षा 8 वीं बोर्ड 2026 में कुल 600 अंक में से 533 अंको के साथ 89 प्रतिशत अंक प्राप्त किये साथ ही सभी विषयों में विशेष योग्यता हासिल की है निर्मल सेन एक छोटे से ग्राम दुदरसी के प्रतिभावान छात्र है जो सदैव अपना अधिकतम समय किताबो में व्यतीत करते है। निर्मल सेन की इस उपलब्धि पर शाला के सभी शिक्षक गणों ,ग्रामवासियों एवं परिवारजानो ने उनके उज्जबल भविष्य की कामना की है।

## रविवार को लगेगा जैविक हाट

**रतलाम।** परियोजना संचालक आत्मा निर्भय सिंह नर्गेश ने बताया कि पावर हाउस रोड सब्जी मण्डी सैलाना बस स्टैण्ड रतलाम में प्रत्येक रविवार को जैविक हाट लगाने हेतु नियत किया गया। सब्जी मण्डी में 29 मार्च रविवार को जैविक एवं प्राकृतिक उत्पादों के विक्रय हेतु किसान भाई जैविक/प्राकृतिक उत्पाद लेकर आएंगे । जैविक हाट प्रातः 8 बजे से विक्रय हेतु चालू रहेगा समस्त नागरिकगण मण्डी में पहुंचकर जैविक एवं प्राकृतिक उत्पादों को क्रय कर सकते है।

# 7 आरी जमीन विवाद में सगे भतीजों ने की थी काका की हत्या

### पुलिस ने सुलझाई अंधे कत्ल की गुत्थी

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मन्दसौर




पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीणा के निर्देशन में सीतामऊ थाना पुलिस ने ग्राम साखतली में हुई सनसनीखेज हत्या का मात्र 24 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया है। पुलिस ने इस मामले में मृतक के दो सगे भतीजों को गिरफ्तार किया है, जिन्होंने अपने जीजा के साथ मिलकर महज 7 आरी जमीन के विवाद में इस खूनी वारदात को अंजाम दिया था।

घटनाक्रम के अनुसार, 26 मार्च की रात करीब 8-9 बजे ग्राम साखतली निवासी शंकरलाल पाटीदार अपने घर से साइकिल लेकर खेत पर सोने के लिए निकले थे। अगली सुबह ग्रामीणों ने उनका शव बिलात्री कच्चे रास्ते पर लहूलुहान हालत में पड़ा देखा। मृतक के गले और सिर पर धारदार हथियार के गहरे निशान थे। सूचना मिलते ही मृतक के पुत्र जीवन पाटीदार की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की। मामले की गंभीरता को देखते हुए एएसपी हेमलता कुरील और एसडीओपी दिनेश प्रजापति के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कमलेश प्रजापति ने विशेष टीम का गठन किया। विवेचना के दौरान तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिरों की मदद से पुलिस को पता चला कि घटना से एक दिन पूर्व अर्जुन पाटीदार नामक व्यक्ति ने मृतक के बेटे को धमकी दी थी। इसी सुराग के आधार पर पुलिस ने संदेह के घेरे में आए मृतक के भतीजों बालेश्वर और नानालाल पाटीदार को हिरासत में लेकर कड़ी पूछताछ की। पुलिसिया पूछताछ में आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल करते हुए बताया कि उनके बीच पुश्तैनी 7 आरी जमीन को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था, जिसका मामला कोर्ट में भी लंबित है। इसी जमीन पर कब्जे की रंजिश के चलते दोनों भाइयों ने अपने जीजा अर्जुन पाटीदार के साथ मिलकर शंकरलाल की हत्या का प्लान बनाया और कुल्हाड़ी से वार कर उन्हें मौत के घाट उतार दिया। पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल की गई कुल्हाड़ी और मोटर साइकिल क्र. एमपी 14 एनजी 6421 जब्त कर ली है। फिलहाल पुलिस गिरफ्तार दोनों आरोपियों को जेल भेजने की तैयारी कर रही है, वहीं फरार आरोपी अर्जुन पाटीदार की तलाश सरगर्मी से जारी है।

## श्री अरिहंत महाविद्यालय के विद्यार्थियों का सम्राट विक्रमादित्य वि.वि. में उत्कृष्ट प्रदर्शन

### स्वर्ण पदक सहित कई उपलब्धियां

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम



नेहल प्रियशा सुहानी

श्री अरिहंत कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल एजुकेशन, रतलाम के विद्यार्थियों ने सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए संस्थान का नाम गौरवान्वित किया है।

बीबीए पाठ्यक्रम सत्र 2023-25 में कुमारी नेहल चोपड़ा ने स्वर्ण पदक प्राप्त कर पूरे विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं कुमारी प्रियशा चोपड़ा ने कांस्य पदक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त कर उल्लेखनीय सफलता अर्जित की। इसके अतिरिक्त, बीसीए पाठ्यक्रम सत्र 2023-25 में कुमारी सुहानी कैथवास ने चतुर्थ स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय की उपलब्धियों में एक और महत्वपूर्ण आयाम जोड़ा। विद्यार्थियों की इस शानदार सफलता से महाविद्यालय में हर्ष का वातावरण है।

कॉलेज प्रबंधन एवं स्टाफ ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। इस अवसर पर वाइस प्रिंसिपल डॉ. राहुल मेहता ने कहा कि विद्यार्थियों की मेहनत, अनुशासन और समर्पण ही उनकी सफलता का मूल आधार है, जो अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है।

वहीं प्रशासनिक अधिकारी डॉ. आनंद त्रिवेदी ने कहा कि महाविद्यालय हर वर्ष उत्कृष्ट परिणाम देने के लिए प्रतिबद्ध है और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु निरंतर प्रयासरत रहता है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों की उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया।शहर के शिक्षाविदों एवं गणमान्य नागरिकों ने भी इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे रतलाम शहर के लिए गौरव का क्षण बताया है।

## चलते ट्रक में तेज रफ्तार बस ने पीछे से मारी टक्कर

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम

10 किमी दूर धराड़ में ओवरटेक करते हुए तेज रफ्तार में बस आगे चल रहे ट्रक में जा घुसी। टक्कर से बस के आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। उसके कांच भी फूट गए। हादसे में तीन से चार लोग घायल हुए है, जिन्हें मेडिकल कॉलेज रेफर किया है।

हादसा रतलाम-इंदौर फोरलेन पर शनिवार सुबह करीब 8.30 बजे हुआ है। बताया जा रहा है कि धराड़ के फोरलेन क्रासिंग ब्रिज पर ओवरटेक करते समय यह हादसा हुआ है।

रतलाम से इंदौर जा रही एक प्राइवेट बस तेज स्पीड में आई और ट्रक में पीछे से जा घुसी। हादसे की सूचना मिलते ही धराड़ पुलिस चौकी प्रभारी दीपक डामोर समेत अन्य पुलिसकर्मी, धराड़ के सरपंच विक्रमसिंह राठौर व अन्य ग्रामीण पहुंचे।

मौके पर एंबुलेंस को बुलाया। टक्कर के कारण बस के आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। कांच भी फूट गए। टक्कर के दौरान बस ड्रायवर मौके से भाग गया। टक्कर के कारण बस में बैठे यात्री भी घबरा गए। धराड़ चौकी प्रभारी दीपक डामोर ने बताया बस के ओवरटेक के कारण हादसा हुआ है। तीन से चार लोग घायल है। जिसमें एक महिला भी शामिल है। घायलों को मेडिकल कॉलेज रेफर किया है। बस में करीब 30 से 35यात्री सवार थे।

हादसे के बाद फोरलेन पर कुछ देर के लिए जाम लग गया। रतलाम से इंदौर जाने वाली साइड पर वाहनों की लाइन लग गई। बाद में पुलिस ने फोरलेन से क्रेन मंगवाई। बस को सड़क मार्ग से हटा कर एक तरफ किया।

## कथित प्रेम प्रसंग में 17 वर्षीय लड़का लड़की ने जहर खाकर दे दी जान

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम

जिले के नामली थाना क्षेत्र के उसगार गांव में एक ही मोहल्ले के रहने वाले 17 वर्षीय लड़का और 17 वर्षीय लड़की की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। दोनों को उल्टी होने के बाद परिजन मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे, जहां इलाज के दौरान आधे-आधे घंटे में दोनों की मौत हो गई। मामले को लेकर पुलिस जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार शाम करीब 7 बजे लड़की को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया, जहां एक बॉटल चढ़ाने के दौरान ही उसकी मौत हो गई। वहीं, रात करीब 10 बजे लड़के को भी परिजन मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे, लेकिन इलाज शुरू होने के करीब आधे घंटे बाद उसकी भी मौत हो गई।

मामले में प्रेम-प्रसंग की बात सामने आ रही है, हालांकि दोनों के परिजन इससे साफ इनकार कर रहे हैं और इस संबंध में कुछ भी कहने से बच रहे हैं। शनिवार दोपहर करीब डेढ़ बजे दोनों का पोस्टमार्टम किया गया। नामली थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर परिजनों के बयान लिए और घटनाक्रम की जानकारी जुटाई। दोनों परिवारों ने उल्टी के बाद तबीयत बिगडने की बात कही है। पुलिस ने उम्र संबंधी दस्तावेज भी मांगे हैं। मेडिकल कॉलेज पुलिस चौकी से सूचना मिलने के बाद नामली थाना पुलिस जांच में जुटी।

## चंटिया रास की व्यवस्थाओं का महापौर प्रहलाद पटेल ने लिया जायजा

**रतलाम।** नगर निगम द्वारा 29 मार्च से 2 अप्रैल तक आयोजित पांच दिवसीय बरबड़ हनुमान मेले में 29 व 30 मार्च को आयोजित होने वाले चंटिया रास की व्यवस्थाओं का जायजा महापौर प्रहलाद पटेल ने लेकर समस्त व्यवस्थाऐं समय-सीमा में करने के निर्देश संबंधितों को दिये। दो दिवसीय चंटिया रास का आयोजन सफलता पूर्वक हो इस हेतु महापौर प्रहलाद पटेल ने पर्याप्त प्रकाश, विद्युत सज्जा, मैदान समतलीकरण, पानी छिड़काव करवाये जाने के साथ ही साउण्ड, ट्रस, एलईडी स्क्रीन, मंच सज्जा आदि व्यवस्थाऐं की।

## संगठनात्मक मजबूती के लिए भाजपा ने कार्यकर्ताओं को दिया वैचारिक मार्गदर्शन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंदसौर



भारतीय जनता पार्टी के संगठनात्मक सशक्तिकरण और कार्यकताओं के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से मंदसौर, मल्हारगढ़ और सुवासरा विधानसभा के विभिन्न मंडलों में आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग में जिले के वरिष्ठ नेताओं और जनप्रतिनिधियों ने कार्यकताओं को संगठन की रीति-नीति और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान मुख्य वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं में आत्मविश्वास भरने के साथ-साथ उन्हें सेवा भावना के साथ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचने का आह्वान किया।

प्रशिक्षण सत्रों को संबोधित करते हुए राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर ने कहा कि कार्यकताओं का मुख्य लक्ष्य शासकीय योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुँचाना होना चाहिए। संभाग प्रभारी सुरेश आर्य ने जोर देकर कहा कि इस प्रशिक्षण का मूल उद्देश्य कार्यकर्ताओं में आत्मविश्वास विकसित करना है, जबकि जिला संगठन प्रभारी दिलीप सकलेचा ने समर्पित कार्यकर्ताओं को भाजपा की मजबूती का आधार बताया। भाजपा जिलाध्यक्ष पं. राजेश दीक्षित, पूर्व मंत्री कैलाश चावला और पूर्व विधायक यशपालसिंह सिसौदिया सहित अन्य वक्ताओं ने भी विभिन्न सत्रों में संगठन की कार्य पद्धति, वैचारिक अधिष्ठान और बूथ प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान किया।

शिविर में केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की यादव सरकार की उपलब्धियों पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने बताया कि कृषि, सिंचाई और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में सरकार ऐतिहासिक कार्य कर रही है। साथ ही, कार्यकर्ताओं को डिजिटल युग की चुनौतियों के लिए तैयार करते हुए सोशल मीडिया, नमो ऐप और सरल ऐप के प्रभावी उपयोग की जानकारी दी गई। शिविर में भाजपा के इतिहास और जनसंघ के दौर से लेकर वर्तमान तक की विकास यात्रा पर भी प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर आयोजित प्रदर्शनियों का अवलोकन कर कार्यकर्ताओं ने संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाने का संकल्प लिया।

## नवरात्रि पर पंचमुखी हनुमान मंदिर में नौ दिवसीय हवन-यज्ञ की पूणाहुति

**रतलाम।** चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर ऑफिसर्स कॉलोनी स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर में आयोजित नौ दिवसीय हवन-यज्ञ का समापन पूर्णाहुति, कन्या भोज एवं महाआरती के साथ श्रद्धा और भक्ति भाव से संपन्न हुआ।समापन अवसर पर पंडित राजेंद्र उपाध्याय, पंडित रवि मेहता एवं पंडित शुभ पाठक द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत हवन-यज्ञ कराया गया। यजमान सुनील मेहता ने परिवार सहित पूर्णाहुति देकर माता रानी की आरती की। इसके पश्चात कन्याओं को भोजन प्रसादी कराकर दक्षिणा प्रदान की गई और धर्म लाभ प्राप्त किया।

## प्रदेश के किसान रसायन मुक्त, जीरो बजट की खेती को अपनाए-विधायक

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ नीमच

जिले एवं प्रदेश के किसान भाई रसायन मुक्त, जीरो बजट की खेती को अपना कर, भावी पीढ़ी को स्वस्थ बनाने एवं स्वस्थ समाज के निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे। पद्मश्री सुभाष पालेकर जी ने कृषि क्षेत्र में अनेको प्रयोग कर जीरो बजट रसायन मुक्त कृषि पद्धति तैयार की है। इस कृषि पद्धति का उपयोग कर किसान भाई, जीरो बजट खेती करें। यह बात प्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय ने शनिवार को कृषि उपज मण्डी जावद में आयोजित जहर मुक्त जीरो बजट कृषि पर आधारित चार दिवसीय प्रशिक्षण शिविर को मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित करते हुए कही। इस मौके पर विधायक श्री दिलीप सिह परिहार, जावद विधायक श्री ओमप्रकाश सखलेचा, मुख्य वक्ता पद्मश्री श्री सुभाष पालेकर, जिला अध्यक्ष श्रीमती वंदना खण्डेलवाल, नीमच न.पा.अध्यक्ष श्रीमती स्वाति चौपड़ा, पूर्व सांसद श्री सुभाष जी, पूर्व विधायक कटनी श्री कैलाश जी व अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

मंत्री श्री विजय वर्गीय ने कहा, कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी प्राकृतिक खेती, जीरो बजट खेती की बात करते है। इन कृषि पद्धतियों से किसानों को कर्ज लेने की जरूरत नहीं पड़ेगी। किसान भाई श्री सुभाष पालेकर जी की कृषि पद्धतियों को समझे और उन्हें अपनाए। देश को आत्मर्भिर बनाना है, कृषि क्षेत्र में भी आत्मनिर्भर बनना है। श्री विजयवर्गीय ने कीटनाशक और रासायनिक उर्वरक को मानवता का दुश्मन बताया।

मुख्य वक्ता श्री सुभाष पालेकर ने अपने उदबोधन में कहा, कि मैं अपने जीवन में पहले विधायक श्री ओमप्रकाश सखलेचा से मिला हूं जो जावद में निःशुल्क कृषि पर आधारित प्रशिक्षण शिविर किसानों के लिए आयोजित कर रहे है। उन्होने कहा, कि मेरी कृषि पद्धति जैविक और प्राकृतिक नहीं है, उससे भिन्न है। उन्होने कहा, कि किसी भी पेड़ पौधे को जीवित रहने के लिए कीटनाशक और किसी भी प्रकार के खाद के भोजन की जरूरत नहीं होती है।

उन्होने कहा, कि फसलों में रासायनिक उर्वरक का कतई उपयोग ना करें और ना ही कीटनाशक का। उन्होने किसानों से देशी बीज का उपयोग करने की बात कही। श्री पालेकर ने रासायनिक उर्वरकों व कीटनाशकों के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से बताया।

विधायक श्री ओमप्रकाश सखलेचा ने अपने अध्यक्षीय उदबोधन में कहा कि समय के साथ खेती का स्वरूप भी बदल रहा है। सोलर एनर्जी के मामले में जावद देश में अग्रणी है। उन्होने कहा, कि जावद के सरकारी स्कूल के 50 छात्र एम.बी.बी.एस. की पढ़ाई कर रहे है। शासकीय स्कूलों में जे.ई.ई.नीट की निःशुल्क कोचिंग सुविधा के उक्त परिणाम मिले है।

श्री सखलेचा ने कहा, कि इस प्रशिक्षण शिविर से सभी विभागों, कृषि वैज्ञानिकों और श्री सुभाष पालेकर जी के मार्गदर्शन से जावद क्षेत्र का किसान देश, प्रदेश का अग्रणी किसान बनेगा। कार्यक्रम को विधायक नीमच श्री दिलीप सिह परिहार ने भी सम्बोधित करते हुए नीमच, जावद की गांधीसागर से प्रेशर युक्त सिंचाई योजना स्वीकृत होने की जानकारी दी।

## न्यूज कालम



## नव नियुक्त नगर कांग्रेस अध्यक्ष गणो का किया स्वागत

**पिपलिया मंडी** ।नगर कांग्रेस अध्यक्ष पिपलिया किशोर उणियारा, मल्हारगढ़ कोहिनूर मेव,नारायणगढ़ सुभाष पाटीदार की नियुक्त पर मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा,नप के पूर्व अध्यक्ष चौथमल गुप्ता के नेतृत्व में ज्योतिबा फुले चैराहे पर पुष्पमाला व आतिशबाजी कर जोरदार स्वागत किया साथ ही प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू जी पटवारी,जिला कांग्रेस के प्रभारी मनोज जी राजानी,जिला कांग्रेस के अध्यक्ष महेंद्रसिंह जी गुर्जर,प्रदेश कांग्रेस सचिव परशुरामजी सिसौदिया का आभार माना।इस मौके पर नप के पूर्व अध्यक्ष चौथमल गुप्ता,जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष लियाकत मेव,अजित कुमठ,सचिव किशनलाल चौहान,महेंद्र गेहलोत, दिलीप मोहनलाल गुप्ता,किशनलाल चौहान,अनिता खोखर, किशोर टेलर कनघट्टी,पार्षद बाबूभाई मंजूरी,किसान कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष बलवंत पाटीदार,सरफराज मेव,अशोक कोहली, नगर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष द्वय रामप्रसाद फरक्या,गोपाल भारती, विष्णु फरक्या पंकज बोराना,मंडलम अध्यक्ष कैलाश बंगारिया,जितेंद्र कापडिया,दिनेश गुप्ता काचरिया,छोटेलाल सैनी, राजेन्द्रसिंह चंगेरी,सुरेंद्रसिंह शक्तावत,सुनील भगत,बरखेड़ापन्थ के पूर्व सरपंच दिनेश कारपेंटर आदि मौजूद थे।

## सरदार पटेल की जयंती पर नीमच पुलिस द्वारा साईकल रैली का आयोजन



**नोमच ।** सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर नीमच पुलिस द्वारा जिला स्तर पर साइक्लोथोन रैली का सफल आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक श्री अंकित जायसवाल के निर्देशन में आयोजित किया गया। साइक्लोथोन रैली को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री नवल सिंह सिसोदिया द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया एवं स्वयं भी रैली में शामिल हुए। रैली सीआरपीएफ नीमच के सरदार वल्लभभाई पटेल गेट से प्रारंभ होकर चौपड़ा चौराहा, विजय टाकीज चौराहा, कमल चौक, फव्वारा चौक होते हुए पुलिस कन्ट्रोल रूम नीमच पर समाप्त हुई। इस साइक्लोथोन का उद्देश्य युवाओं एवं आमजन में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता एवं राष्ट्रीय एकता का संदेश देना रहा। दिनांक 28 मार्च को सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर नीमच पुलिस द्वारा आयोजित साइक्लोथोन रैली में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री नवल सिंह सिसोदिया, थाना प्रभारी नीमच केंट निरीक्षक सौरभ शर्मा, सुबेदार सुरेश सिसोदिया, रीडर-टू-एसपी उप निरीक्षक शिशुपाल सिंह गौड़ सहित अन्य पुलिस अधिकारियो एवं कर्मचारियो द्वारा उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## विश्व रंगमंच दिवस पर नुक्कड़ सभा में कला व सामाजिक सरोकारों पर हुई चर्चा




**मन्दसौर।** विश्व रंगमंच दिवस के अवसर पर तेलिया टैंक परिसर में एक नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया, जिसमें वक्ताओं ने रंगमंच को सामाजिक बदलाव का सबसे सशक्त माध्यम बताया। प्रगतिशील लेखक असअद अंसारी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि देश केवल अधिकार मांगने से नहीं बल्कि कर्तव्यों को निभाने से चलता है और संविधान के प्रति सम्मान हमारे व्यवहार में झलकना चाहिए। उन्होंने इप्टा के योगदान को याद करते हुए कहा कि 27 मार्च का दिन सच बोलने की परंपरा को जीवंत रखने का अवसर है। फिल्म निर्देशक और कवि मनी चौहान ने थियेटर की विशिष्टता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इसे केवल फिल्मों की सीढ़ी नहीं माना जाना चाहिए, बल्कि यह समाज का वह आईना है जिसमें जनता अपना प्रतिबिंब देखती है। सांस्कृतिकर्मी नरेंद्र कुमार त्रिवेदी ने युवाओं को इस कला से जोड़ने की आवश्यकता पर बल दिया। इप्टा सचिव हूर बानो सैफी और अध्यक्ष शोभा कश्यप ने लोकतंत्र में अधिकारों और कर्तव्यों के संतुलन को अनिवार्य बताया। कार्यक्रम के दौरान जनगीत गायन भी हुआ, जिसमें शहर के कई प्रबुद्ध नागरिकों और कलाकारों ने सहभागिता की। अंत में आभार प्रदर्शन डी.पी. जोशी द्वारा किया गया।

## 11 वर्ष बाद जन्मभूमि मंदसौर लौटेंगी आर्यिका समर्थ व सार्थक श्री माताजी

**मंदसौर।** दशपुर नगरी के लिए आगामी 5 अप्रैल का दिन ऐतिहासिक और भावुक होने जा रहा है। नगर की बेटियां, जिन्होंने सांसारिक मोह-माया का त्याग कर वैराग्य का मार्ग चुना, वे अब पूर्ण संयम और साधना के साथ अपनी जन्मभूमि पर कदम रखेंगी। गणाचार्य श्री विराग सागर जी महाराज एवं पट्टाचार्य श्री विशुद्ध सागर जी महाराज की शिष्या आर्यिका 105 श्री समर्थ श्री माताजी एवं आर्यिका 105 श्री सार्थक श्री माताजी का भव्य मंगल प्रवेश होने जा रहा है। दीक्षा ग्रहण करने के पश्चात माताजी द्वय पूरे 11 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद पहली बार मंदसौर पधार रही हैं। डॉ. एस.एम. जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि यह मंगल प्रवेश प्रातः 8 बजे होगा, जिसमें स्थानीय निवासियों के साथ-साथ बाहरी क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु सम्मिलित होंगे।



